>

Title: Regarding problems faced by farmers in insurance claims under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in Hingoli Parliamentary Constituency, Maharashtra -laid.

श्री हेमन्त पाटिल (हिंगोली) : भारत एक कृषि प्रधान देश है और ग्रामीण आबादी का अधिकतम अनुपात कृषि पर आश्रित है । सरकार ने फसल के नुकसान से किसानों की रक्षा के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना शुरू की लेकिन इसके नाम पर किसानों का शोषण किया जा रहा है और लाभ निजी बीमा कंपनियों को मिल रहा है ।

मेरे संसदीय क्षेत्र हिंगोली में फसल बीमा योजना का लाभ किसानों को नहीं मिला है । महाराष्ट्र में किसानों ने 16000 करोड़ रूपये का प्रीमियम भरा था और किसानों को बीमा के रूप में केवल 3,634 करोड़ रूपये मिले इसका मतलब है कि बीमा कंपनियों को 10,000 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ हुआ है । मेरा सरकार से निवेदन है कि किसानों को बीमा राशि के भुगतान में हो रही परेशानी का सरकार संज्ञान ले और इस प्रक्रिया को सुगम और सरल बनाये जिससे किसान को अपने हक की राशि मिलने में किसी प्रकार की बाधा ना आए । मेरा सरकार से निवेदन है कि इस संवेदनशील मुद्दे पर संसद में गहन चर्चा होनी चाहिए और जल्द ही इसका निवारण करना चाहिए ।